बिहार विधान सभा सचिवालय

पत्र संख्या-सू०प्र०प्र० तथा जन०-26/2023- /वि०स० ।

प्रेषक,

पवन कुमार पाण्डेय,
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

सेवा में,

माननीय सदस्यगण,
बिहार विधान सभा,
(माननीय मुख्यमंत्री / माननीय उप मुख्यमंत्री / माननीय मंत्रीगण सहित)

पटना, दिनांक- जुलाई, 2023 ई० ।

विषय:- सप्तदश बिहार विधान सभा के नवम-सत्र से सम्बन्धित आवश्यक सूचना ।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक सम्बन्ध में निदेशानुसार सूचित करना है कि सप्तदश बिहार विधान सभा का नवम-सत्र दिनांक 10 जुलाई, 2023 से दिनांक 14 जुलाई, 2023 तक चलने का कार्यक्रम है ।

अत: माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि सत्र के दौरान विधान मंडल परिसर में अपने साथ अंगरक्षक या किसी अन्य व्यक्ति को न लाने, सुरक्षा जाँच में सहयोग करते हुए सत्रकाल में काला शीशायुक्त वाहन का प्रयोग नहीं करने, सुरक्षाकर्मियों द्वारा मांगे जाने पर अपना प्रवेश-पत्रक अवश्य दिखलाने तथा सत्र से सम्बन्धित सामग्री ही लाने की कृपा करें ।

विश्वासभाजन,
ह०/-
(पवन कुमार पाण्डेय)
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञांप संख्या- सू०प्र०प्र० ~~तथा~~ जन०-26/2023-2200 /वि०स०, पटना, दिनांक-07 जुलाई, 2023 ई० ।

प्रति:- ~~अवर~~ सचिव, श्रव्य एवं दृश्य इकाई शाखा, बिहार विधान सभा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

अनुरोध है उक्त पत्र को बिहार विधान सभा के वेबसाईट पर अपलोड करने की कृपा की जाय ।

7/7/23
(संजय कुमार सिंह)
संयुक्त निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

बिहार विधान सभा सचिवालय

आवश्यक सूचना

सप्तदश बिहार विधान सभा का नवम सत्र सोमवार दिनांक-10 जुलाई, 2023 को 11.00 बजे पूर्वा० में बिहार विधान सभा वेश्म, पटना में अधिवेशित हाने के लिए आहूत किया गया है ।

सत्र के दौरान प्रत्येक दिन के प्रश्नकाल का प्रसारण आकाशवाणी, केंद्र, पटना से किया जायेगा । साथ ही इसका सीधा वेबकास्टिंग भी **http://webcast.gov.in/biharvs, www.vidhansabha.bih.nic.in** तथा **Youtube Channel- " Bihar Vidhan Sabha TV "** पर देखा जा सकता है ।

सत्र के दौरान बिहार विधान मंडल परिसर में बाहरी व्यक्तियों एवं अनधिकृत वाहनों का प्रवेश अवांछनीय तथा निषिद्ध है । लिखित अनुमति अथवा प्रवेश-पत्र प्राप्त किये बिना कोई भी बाहरी व्यक्ति बिहार विधान मंडल की परिसीमा में प्रवेश नहीं कर सकेंगे । सुरक्षा कारणों से बिहार विधान मंडल के पूर्वी मुख्य द्वार (गेट नं०-9 एवं 10) ही प्रवेश के लिए खुले रहेंगे ।

पवन कुमार पाण्डेय
सचिव
बिहार विधान सभा, पटना ।